# UP (Ro/Aro) Mains 2013 (G.S.)

## [Series - B :: Code - RXN-1]

1. 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के प्रारम्भ के समय भारत का गवर्नर जनरल था
   (a) लॉर्ड हार्डिंग (b) लॉर्ड कैनिंग
   (c) लॉर्ड मेयो (d) लॉर्ड डफरिन
2. निम्न में से भारत में उन्नीसवीं शताब्दी में पड़े किस अकाल को 'प्रकोप का समुद्र' (सी ऑफ कैलेमिटी) कहा गया है?
   (a) बिहार अकाल, 1873
   (b) राजपूताना अकाल, 1868-69
   (c) मद्रास प्रेसीडेन्सी अकाल, 1866-67
   (d) उड़ीसा अकाल, 1866-67
3. निम्नलिखित में से कौन सितम्बर 2, 1946 को गठित अन्तरिम सरकार में मंत्री नहीं थे?
   (a) जवाहरलाल नेहरू (b) लियाकत अली खाँ
   (c) अबुल कलाम आज़ाद (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
4. 'स्वराज' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया?
   (a) बाल गंगाधर तिलक ने
   (b) लाला लाजपत राय ने
   (c) एस.सी. बोस ने
   (d) महात्मा गांधी ने
5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का एक मात्र अधिवेशन जिसकी अध्यक्षता महात्मा गांधी ने की थी :
   (a) इलाहाबाद अधिवेशन-1921
   (b) गया अधिवेशन-1922
   (c) बेलगाँव अधिवेशन-1924
   (d) कराची अधिवेशन-1930
6. निम्न में से किस एक को लाला लाजपत राय ने अपना राजनीतिक गुरु माना था?
   (a) गैरीबाल्डी को (b) विवेकानन्द को
   (c) दादाभाई नौरोजी को (d) मैज़िनी को
7. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?
   (a) नवजीवन-एम.के. गांधी
   (b) स्वराज्य-टी. प्रकाशम्
   (c) प्रभात-एन.सी. केलकर
   (d) कौमी आवाज़-अबुल कलाम आज़ाद
8. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|---|
| A. | भारत मित्र | 1. बंगाली |
| B. | राष्ट्रमाता | 2. गुजराती |
| C. | प्रजामित्र | 3. हिन्दी |
| D. | नायक | 4. मराठी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

9. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम निर्वाचित यूरोपीय अध्यक्ष था
   (a) ए.ओ. ह्यूम (b जॉर्ज यूले
   (c) अल्फ्रेड वेब (d) एनी बेसेंट
10. निम्नलिखित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में महात्मा गांधी को चम्पारण के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया था?
    (a) बनारस अधिवेशन, 1905
    (b) कलकत्ता अधिवेशन, 1906
    (c) सूरत अधिवेशन, 1907
    (d) लखनऊ अधिवेशन, 1916
11. निम्न में से भारत के किस वायसराय की हत्या एक दण्डित अपराधी द्वारा उस समय कर दी गई थी, जब वह अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह के भ्रमण पर था?
    (a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड कर्जन
    (c) लॉर्ड मेयो (d) लॉर्ड मिण्टो
12. सुभाषचन्द्र बोस ने स्वतंत्र भारत की अन्तरिम सरकार की स्थापना की घोषणा की थी
    (a) 21 अक्तूबर, 1943 को
    (b) 22 अक्तूबर, 1943 को
    (c) 23 अक्तूबर, 1943 को
    (d) 24 अक्तूबर, 1943 को
13. शारदा अधिनियम में लड़कियों एवं लड़कों के विवाह की न्यूनतम आयु क्रमश: निर्धारित थी
    (a) 12 वर्ष एवं 16 वर्ष
    (b) 14 वर्ष एवं 18 वर्ष
    (c) 15 वर्ष एवं 21 वर्ष
    (d) 16 वर्ष एवं 22 वर्ष
14. भारतीय राष्ट्रवाद का जनक किसे माना जाता है?
    (a) गोपाल कृष्ण गोखले
    (b) बाल गंगाधर तिलक

(c) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

15. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?

(a) भारत का राष्ट्रपति

(b) राज्य सभा का सभापति

(c) लोक सभा अध्यक्ष

(d) प्रधान मंत्री

16. निम्न में से कौन एक संवैधानिक निकाय नहीं है?

(a) वित्त आयोग (b) लोक सेवा आयोग

(c) योजना आयोग (d) चुनाव आयोग

17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|---|
| A. | संविधान का भाग XV | 1. आपात उपबंध |
| B. | संविधान का भाग XVI | 2. राजभाषा |
| C. | संविधान का भाग XVII | 3. कुछ वर्गों के संबंध में विशेष उपबंध |
| D. | संविधान का भाग XVIII | 4. निर्वाचन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

18. निम्नांकित में से कौन भारतीय गणतंत्र का प्रमुख है?

(a) भारत का राष्ट्रपति

(b) भारत का प्रधान मंत्री

(c) मंत्रि-मण्डल

(d) राजनीतिक प्रमुख मंत्रि-परिषद् सहित

19. निम्नलिखित में से कौन एक राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का उद्देश्य नहीं है?

(a) एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना।

(b) सामाजिक आर्थिक न्याय को सुनिश्चित करना।

(c) एक धार्मिक राज्य की स्थापना करना।

(d) एक धर्मनिरपेक्ष राज्य की स्थापना करना।

20. प्रधान मंत्री श्रम पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं

(a) केवल राज्य सरकारों के सार्वजनकि उद्यमों के कर्मचारियों को।

(b) केवल केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उद्यमों के कर्मचारियों को।

(c) केवल राज्य तथा केन्द्र सरकारों के सार्वजनिक उद्यमों के कर्मचारियों को।

(d) केन्द्र तथा राज्य के सार्वजनिक उद्यमों तथा निजी क्षेत्र के चयनित विनिर्माण इकाईयों के कार्यरत कर्मचारियों को।

21. निम्न में से किस वर्ष में साधन लागत (फैक्टर कॉस्ट) पर (स्थिर कीमतों पर) जी.डी.पी. की संवृद्धि दर सर्वाधिक थी?

(a) 2005-06 (b) 2006-07

(c) 2003-04 (d) 2007-08

22. निम्नलिखित में से किस उप-क्षेत्र (सब-सेक्टर) की वर्ष 2008-09 की तुलना में वर्ष 2009-10 में ऋणात्मक संवृद्धि दर रही है?

(a) कृषि तथा संबंधित क्षेत्र

(b) निर्माण

(c) खनन तथा उत्खनन

(d) बिजली, गैस तथा जलापूर्ति

23. निम्नलिखित में गलत युग्म को इंगित कीजिए :

(a) कन्नौज - इत्र एवं तेल

(b) मिर्ज़ापुर - कालीन

(c) मुरादाबाद - पीतल के बर्तन

(d) आगरा - चाकू तथा कैंची

24. भारत में गरीबी का स्तर निर्धारित होता है

(a) विभिन्न प्रदेशों के प्रति व्यक्ति आय के आधार पर।

(b) औसत घरेलू आय के आधार पर।

(c) घरेलू उपभोक्ता के व्यय के आधार पर।

(d) देश के मलिन आबादी के आधार पर।

25. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|---|
| A. | भरतनाट्यम | 1. तमिलनाडु |
| B. | कथक | 2. केरल |
| C. | कुचीपुड़ी | 3. आंध्र प्रदेश |
| D. | मोहिनीअट्टम | 4. उत्तर प्रदेश |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

26. निम्नलिखित तमिल ग्रन्थों में किसे 'लघुवेद' की संज्ञा दी गई है?
   (a) नन्दिकलम्बकम्  (b) कलिंगत्तुपर्णि
   (c) पेरियापुराणम्  (d) कुराल
27. देश में एग्रो-इकोलोजिकल क्षेत्र हैं
   (a) 15  (b) 17
   (c) 18  (d) 20
28. केन्द्रीय शुष्क-भूमि अनुसंधान संस्थान स्थित है
   (a) झाँसी में  (b) हैदराबाद में
   (c) जोधपुर में  (d) जबलपुर में
29. भारतवर्ष में प्रथम कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी वर्ष :
   (a) 1955 में  (b) 1960 में
   (c) 1965 में  (d) 1970 में
30. निम्न में से किस एक प्रदेश को 'मसालों का बागान' कहा जाता है?
   (a) केरल  (b) तमिलनाडु
   (c) कर्नाटक  (d) गुजरात
31. भारत की राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान है लगभग
   (a) 20%  (b) 25%
   (c) 30%  (d) 35%
32. निम्नलिखित में से ऊर्जा का कौन स्रोत व्यावसायिक स्रोत नहीं है?
   (a) पेट्रोलियम  (b) परमाणु ऊर्जा
   (c) प्राकृतिक गैस  (d) बायोगैस
33. निम्न राज्यों में से किसे ग्रामीण पर्यटन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में सर्वोत्तम राज्य घोषित किया गया है?
   (a) सिक्किम  (b) केरल
   (c) गोवा  (d) असम
34. निम्न में से किसका नाम, मार्च 2014 तक के लिए निर्यात हेतु 'उत्कृष्ट नगरों' में नहीं रखा गया है?
   (a) पानीपत  (b) लुधियाना
   (c) त्रिपुर  (d) मदुरै
35. फरवरी 2014 में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का आयोजन किया गया
   (a) फरीदाबाद में  (b) जालंधर में
   (c) नई दिल्ली में  (d) नोएडा में
36. निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश का (जनसंख्या की दृष्टि से) सबसे बड़ा जनपद है?
   (a) मुरादाबाद  (b) लखनऊ
   (c) इलाहाबाद  (d) गाज़ियाबाद
37. निम्न राज्यों के निर्माण का सही आरोही क्रम है :
   (a) नागालैंड, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश
   (b) मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, सिक्किम
   (c) अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, सिक्किम, मेघालय
   (d) सिक्किम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय
38. निम्नलिखित में से किस राज्य का लिंगानुपात राष्ट्रीय औसत से ऊपर है?
   (a) गुजरात  (b) झारखंड
   (c) महाराष्ट्र  (d) मध्य प्रदेश
39. वाटर (प्रिवेन्शन एण्ड कंट्रोल ऑफ पॉल्यूशन) सेस ऐक्ट लागू किया गया
   (a) 1973 में  (b) 1975 में
   (c) 1977 में  (d) 1979 में
40. निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य में स्त्री-पुरुष शिक्षा में निम्नतम अंतर है?
   (a) केरल  (b) मेघालय
   (c) नागालैंड  (d) मिज़ोरम
41. निम्न में से किस राज्य में महिला साक्षरता दर वर्ष 2001 में सर्वाधिक थी?
   (a) तमिलनाडु  (b) महाराष्ट्र
   (c) मिज़ोरम  (d) चंडीगढ़
42. जनगणना, वर्ष 2001 के अनुसार उत्तर प्रदेश में साक्षरता दर थी
   (a) भारत की औसत साक्षरता दर से अधिक
   (b) राजस्थान से अधिक
   (c) ओडिशा से कम
   (d) बिहार से कम
43. निम्नलिखित में से किस जनगणना वर्ष में भारत में लिंगानुपात 946 था?
   (a) 1921  (b) 1941
   (c) 1951  (d) 1971
44. विश्व के नगरों की स्थिति पर यू.एन. हैबिटैट रिपोर्ट के अनुसार निम्नलिखित में से कौन एक नगरों की समृद्धि निर्धारित करने का आधार नहीं है
   (a) उत्पादकता  (b) अनुकूलतम जनसंख्या
   (c) जीवन की गुणवत्ता  (d) समता
45. गोविंद बल्लभ पंत सागर जलाशय स्थित है
   (a) उत्तर प्रदेश में  (b) छत्तीसगढ़ में
   (c) झारखंड में  (d) उत्तराखंड में

46. निम्नलिखित में से कौन एक यूनेस्को द्वारा प्रमाणित (क्षेत्रफल की दृष्टि से) भारत की वृहत्तम जैवमण्डलीय निधि है?
   (a) नीलगिरि   (b) नंदा देवी
   (c) सुन्दरबन   (d) मन्नार की खाड़ी

47. विश्व स्तर पर सीमेंट उत्पादन (2010) में भारत का स्थान है
   (a) पहला   (b) दूसरा
   (c) तीसरा   (d) चौथा

48. निम्नलिखित में से किस राज्य का गठन वर्ष 1948 में हुआ?
   (a) पश्चिम बंगाल का   (b) असम का
   (c) पंजाब का   (d) हिमाचल प्रदेश का

49. गेहूँ के अधिकतम उत्पादन वाला राज्य है
   (a) पंजाब   (b) हरियाणा
   (c) उत्तर प्रदेश   (d) मध्य प्रदेश

50. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. मानसूनी वन | 1. आलूबुखारा (प्लम) एवं जैतून |
| B. विषुवत रेखीय वन | 2. चीड़ का फर |
| C. भूमध्यसागरीय वन | 3. सागौन तथा साखू |
| D. कोणधारी वन | 4. महोगनी एवं रोजवुड |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

51. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?
   (a) लौह अयस्क - कुद्रेमुख
   (b) मैंगनीज - कोरापुट
   (c) ताँबा - खेत्री
   (d) कोयला - सिंगरेनी

52. वर्ष 2001-2011 की अवधि में कुल जनसंख्या में निम्नतम प्रतिशत वृद्धि वाला राज्य है
   (a) नागालैंड   (b) गोवा
   (c) केरल   (d) तमिलनाडु

53. निम्नलिखित में से कौन एक जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी पुनर्नवीनी मिशन के संबंध में सही नहीं है?
   (a) इसे 2005 में प्रारम्भ किया गया।
   (b) यह एक 10 वर्षीय कार्यक्रम था।
   (c) यह भारतीय शहरों में जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए था।
   (d) यह समावेशी विकास को बढ़ाने के लिए था।

54. 'लोक-नगरीय सातत्य' के विचार को उस आधार पर विकसित किया गया जो अध्ययन किये गए
   (a) मैक्सिको में   (b) ब्राज़ील में
   (c) इंडोनेशिया में   (d) भारत में

55. रेडफील्ड तथा सिंगर के विचार में प्राथमिक नगरीकरण की प्रक्रिया को किसके विकास से विशेषीकृत (characterized by) किया जाता है?
   (a) लोक परंपरा के   (b) अभिजात परंपरा के
   (c) वृहद् परंपरा के   (d) लघु परंपरा के

56. **कथन (A) :** शहरी गरीबी की जड़ ग्रामीण क्षेत्रों में होती है।
   **कारण (R) :** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर निम्न होता है।
   उपर्युक्त कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
   **कूट :**
   (a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
   (b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
   (c) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।
   (d) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

57. छत्तीसगढ़ की सीमा उभयनिष्ट नहीं है
   (a) महाराष्ट्र के साथ   (b) बिहार के साथ
   (c) ओडिशा के साथ   (d) आंध्र प्रदेश के साथ

58. **कथन (A) :** भारत की पश्चिमी घाट की नदियाँ डेल्टा का निर्माण नहीं करती हैं।
   **कारण (R) :** वे छोटे प्रवाह क्षेत्र से अपेक्षाकृत कठोर चट्टानों पर प्रवाहित होती हैं।
   उपर्युक्त कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
   **कूट :**
   (a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
   (b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
   (c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
   (d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

59. कावेरी नदी के उद्गम का स्रोत है
   (a) ब्रह्मगिरि पहाड़ियाँ   (b) सह्याद्रि पहाड़ियाँ
   (c) गवालीगढ़ पहाड़ियाँ   (d) अमरकंटक पहाड़ियाँ

60. भारत के निम्नलिखित में से कौन नगर वृक्षारोपण में विशिष्टता रखता है?

(a) विजयवाड़ा (b) चण्डीगढ़

(c) शिलांग (d) वालपराई

61. नवग्राम तेल-क्षेत्र स्थित है

(a) असम में (b) गुजरात में

(c) महाराष्ट्र में (d) आंध्र प्रदेश में

62. निम्नलिखित में से वर्ष 2010 में भारतीय पर्यटकों का सर्वप्रिय (दर्शकों की संख्या की दृष्टि से) गन्तव्य कौन देश था?

(a) ऑस्ट्रेलिया

(b) सिंगापुर

(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (यू.एस.ए.)

(d) यूनाइटेड किंगडम (यू.के.)

63. महावेली गंगा एक नदी है

(a) बांग्लादेश की (b) भारत की

(c) श्रीलंका की (d) नेपाल की

64. मूँगफली मुख्य फसल है

(a) जॉर्जिया की (b) गैम्बिया की

(c) घाना की (d) ग्वाटेमाला की

65. जाम्बिया की सीमा उभयनिष्ट नहीं है

(a) नामीबिया के साथ (b) तंजानिया के साथ

(c) अंगोला के साथ (d) बोत्सवाना के साथ

66. 4 सेमी × 4 सेमी × 4 सेमी आयाम (dimension) के एक घन के सभी फलक हरे रंग से रंग दिये गए हैं और उसे 64 इकाई घनों में काट दिया गया है। कितने इकाई घन ऐसे हैं जिनके दो फलक हरे रंग के होंगे?

(a) 8 (b) 16

(c) 24 (d) 32

67. निम्नांकित सारिणी में लुप्त अक्षर प्राप्त कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| A | C | E |
| N | K | H |
| R | V | ? |

(a) Z (b) T


(c) L (d) I

68. यदि PERFECT का कूट RGTHGEV हो, तो इसी कूट में BROWN कैसे लिखा जायेगा

(a) CSPXO (b) DSQYP

(c) CTQXP (d) DTQYP

69. निम्नांकित आकृति में कितने आयत हैं?



(a) 8 (b) 10

(c) 11 (d) 12



70. निम्नलिखित श्रेणी में लुप्त अक्षर है :


AZEVJ ?

(a) Q (b) B

(c) F (d) L

71. निम्नांकित में विषम आकृति है :

(a)  (b) 

(c)  (d) 

72. यदि HORSE = IQUWJ, तो TIGER बराबर है

(a) GJKHF (b) UKGSJ

(c) UKJIW (d) SJKHW

73. श्रेणी : 4, 9, 25, ?, 121, 169, 289 में लुप्त संख्या है

(a) 49 (b) 64

(c) 81 (d) 91

74. निम्नलिखित में लुप्त अक्षर क्रम से हैं :

aba_ bca_ ac_ cab_ cbc_

(a) cbbb (b) cbba

(c) ccba (d) caac

75. यदि A = 2, B = 4, C = 6 तथा इत्यादि (so on) हो, तो PREVENT का अंकमान होगा

(a) 196 (b) 198

(c) 200 (d) 202

76. निम्न में से भारत ने किस देश के साथ सितम्बर 5, 2014 को नाभिकीय ऊर्जा के शान्तिपूर्ण उपयोग हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किया?

(a) फ्रांस (b) यू.एस.ए.

(c) जापान (d) ऑस्ट्रेलिया

77. राष्ट्रमण्डल खेल, 2018 सम्पन्न होंगे

(a) वेलिंग्टन में (b) पूर्ण क्वालालम्पुर में

(c) गोल्ड कोस्ट में (d) हैमिल्टन में

78. निम्नलिखित में से किस एक देश की यात्रा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में विदेशी पूँजी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से सितम्बर 2014 में की गई?
(a) डेनमार्क (b) दी नीदरलैण्ड्स
(c) स्पेन (d) चीन

79. उत्तर प्रदेश के कितने विधान सभा क्षेत्रों में सितम्बर 2014 में उप-चुनाव सम्पन्न हुए?
(a) 12 (b) 11
(c) 13 (d) 14

80. निम्नलिखित में से किस पनडुब्बी के दुर्घटनाग्रस्त होने के पश्चात् पूर्व नौसेनाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी ने फरवरी 2014 में त्याग-पत्र दिया था?
(a) आई.एन.एस. सिंधुरक्षक
(b) आई.एन.एस. सिंधुशस्त्र
(c) आई.एन.एस. सिंधुराज
(d) आई.एन.एस. सिंधुरत्न

81. भारत-इंग्लैण्ड के मध्य अगस्त/सितम्बर, 2014 में सम्पन्न एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट शृंखला में 'मैन ऑफ दि सिरीज' किसे घोषित किया गया?
(a) जीमी एण्डरसन को (b) भुवनेश्वर कुमार को
(c) शिखर धवन को (d) सुरेश रैना को

82. निम्नलिखित देशों में भारत ने किसके साथ फरवरी, 2014 में रक्षा सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन (मेमोरैण्डम ऑफ अण्डरस्टैण्डिंग) हस्ताक्षरित किया?
(a) मालदीव (b) श्रीलंका
(c) सऊदी अरब (d) मॉरीशस

83. शीला दीक्षित के त्याग-पत्र के उपरान्त किसे केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया?
(a) वजुभाई वाला को
(b) ई.एस.एल. नरसिम्हन को
(c) पद्मनाभ आचार्या को
(d) पी. सतशिवम को

84. नंदा, जिनका निधन मार्च, 2014 में हुआ, थीं एक
(a) बॉलीवुड अभिनेत्री (b) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
(c) सामाजिक कार्यकर्ता (d) सितार वादक

85. भारत और फिजी ने 'डबल टैक्सेशन एवॉयडेंस एग्रीमेण्ट' पर हस्ताक्षर किए
(a) 27 जनवरी, 2014 को
(b) 28 जनवरी, 2014 को
(c) 29 जनवरी, 2014 को
(d) 30 जनवरी, 2014 को

86. प्रवासी भारतीय दिवस, 2014 का बारहवाँ संस्करण किस नगर में आयोजित हुआ?
(a) मुम्बई (b) कोलकाता
(c) नई दिल्ली (d) हैदराबाद

87. निम्नलिखित में से कौन सी एक पुस्तक खुशवंत सिंह द्वारा, जो मार्च, 2014 में दिवंगत हुए, लिखी गई है?
(a) इंण्डिया एट रिस्क
(b) नाइट ब्रोकेन
(c) ए गॉड इन एवरी स्टोन
(d) दि गुड, दि बैड एण्ड दि रिडिकुलस

88. प्रसिद्ध नेता बंगारू लक्ष्मण जिनका मार्च, 2014 में हैदराबाद में निधन हो गया, सम्बन्धित थे
(a) तेलुगू देशम पार्टी से
(b) इंडियन नेशनल कांग्रेस से
(c) भारतीय जनता पार्टी से
(d) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से

89. निम्न में से किसे जून, 2014 में ज्ञानपीठ पुरस्कार, 2013 हेतु चुना गया है?
(a) डॉ. केदारनाथ सिंह को
(b) डॉ. विश्वनाथ तिवारी को
(c) चेतन भगत को
(d) अमित त्रिपाठी को

90. विश्व के सबसे अधिक आयु वाले व्यक्ति अर्तुरो लाइकाता जिनका देहावसान 111 वर्ष की अवस्था में 28 फरवरी, 2014 को हुआ था, रहने वाले थे
(a) इटली के (b) फ्रांस के
(c) जापान के (d) इंग्लैण्ड के

91. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित नगरों का भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से सही अवरोही क्रम क्या है?
(a) वाराणसी, बागपत, संत रविदास नगर, गौतम बुद्ध नगर
(b) संत रविदास नगर, वाराणसी, बागपत, गौतम बुद्ध नगर
(c) गौतम बुद्ध नगर, वाराणसी, संत रविदास नगर, बागपत
(d) वाराणसी, गौतम बुद्ध नगर, बागपत, संत रविदास नगर

92. उ.प्र. में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या है
(a) 3 (b) 4
(c) 2 (d) 1

93. उत्तर प्रदेश में प्रथम दुग्ध सहकारी समिति की स्थापना हुई थी
(a) सहारनपुर में (b) वाराणसी में
(c) लखनऊ में (d) इलाहाबाद में

94. निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं रहे हैं?
(a) गोविंद बल्लभ पंत (b) टी.एन. सिंह
(c) नित्यानंद स्वामी (d) राम नरेश यादव

95. निम्न में से उ.प्र. के किस जनपद में कालिंजर का किला स्थित है?
(a) झाँसी (b) बाँदा
(c) चित्रकूट (d) जालौन

96. उत्तर प्रदेश में चमड़ा उद्योग के प्रमुख केन्द्र हैं
(a) आगरा, कानपुर (b) आगरा, इलाहाबाद
(c) कानपुर, इलाहाबाद (d) कानपुर, मेरठ

97. उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की स्थापना की गई थी
(a) 1974 में (b) 1978 में
(c) 1984 में (d) 1990 में

98. निम्न में से किस नदी के तट पर गोरखपुर स्थित है?
(a) घाघरा (b) गण्डक
(c) राप्ती (d) सरयू

99. वह क्रिया जिसके द्वारा पौधे अपना भोजन तैयार करते हैं, कहलाती है
(a) रसाकर्षण (b) श्वसन
(c) प्रकाश संश्लेषण (d) रस संकुचन

100. पेशी थकान के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी है?
(a) यूरिक अम्ल (b) पाइरुविक अम्ल
(c) बेन्जोइक अम्ल (d) लैक्टिक अम्ल

101. तृतीयक प्रतिजन डीपीटी बच्चों को दी जाती है, बचाव के लिए
(a) रोहिणी, पोलियो, चेचक से
(b) पोलियो, रोहिणी, टिटेनस से
(c) चेचक, कुकर-खाँसी, टिटेनस से
(d) रोहिणी, कुकर-खाँसी, टिटेनस से

102. इबोला वायरस का नाम लिया गया है
(a) एक शहर के नाम से
(b) एक प्रान्त के नाम से
(c) एक नदी के नाम से
(d) एक पर्वत के नाम से

103. निम्नलिखित में किसके चयापचयी प्रक्रम से अधिकतम ऊर्जा मिलती है?
(a) कार्बोहाइड्रेट (b) वसा
(c) प्रोटीन (d) खनिज

104. निम्न में से किस कोशिकांग (organelle) को कोशिका का 'पावर हाउस' कहते हैं?
(a) राइबोसोम (b) माइटोकॉण्ड्रियान
(c) कोशिका झिल्ली (d) सेन्ट्रोसोम

105. **कथन (A) :** तड़ित चालकों को बनाने में लोहे की छड़ों की अपेक्षा ताँबे की छड़ों को वरीयता दी जाती है।
**कारण (R) :** लोहे की तुलना में ताँबा विद्युत का अधिक सुचालक है और वायुमंडलीय परिस्थितियों में सरलता से ऑक्सीकृत नहीं होता है।
उपर्युक्त कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
**कूट :**
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (A) की (R) सही व्याख्या है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

106. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. ऐसीटोन | 1. अग्निशामक |
| B. कार्बन टेट्राक्लोराइड | 2. नाखून पालिश अपसारक |
| C. हाइड्रोजन परॉक्साइड | 3. घावों की मरहम पट्टी |
| D. द्रव अमोनिया | 4. प्रशीतक |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

107. निम्न में से आलू का कौन सा भाग खाने योग्य होता है?
(a) तना (b) बीज
(c) जड़ (d) फल

108. घरेलू ईंधन के रूप में प्रयुक्त एल.जी.पी. में मुख्यत: होता है
(a) मेथैन (b) एसिटिलीन
(c) एथिलीन (d) ब्यूटेन

109. किस सिद्धांत पर जेट इंजन कार्य करता है?
(a) रैखिक संवेग संरक्षण (b) कोणीय संवेग संरक्षण
(c) ऊर्जा संरक्षण (d) द्रव्यमान संरक्षण

110. निम्नलिखित में से किस तत्त्व की कमी को पूरा करने के लिए कीटभक्षी पौधे कीटों को पकड़ते तथा उनका भक्षण करते हैं?
(a) मैंगनीज (b) नाइट्रोजन
(c) मैग्नीशियम (d) सल्फर

111. चतुर्थ बौद्ध संगीति (परिषद्) हुई थी
(a) कनिष्क के शासन काल में
(b) अशोक के शासन काल में
(c) हर्षवर्धन के शासन काल में
(d) मेनाण्डर के शासन काल में

112. उस वीर भारतीय राजा का नाम बताइये जिसे सिकन्दर ने झेलम के तट पर पराजित किया था?
(a) आम्भि (b) पुरु (पोरस)
(c) चन्द्रगुप्त मौर्य (d) महापद्म नंद

113. वैदिक कर्म काण्ड में 'होता' का सम्बन्ध है
(a) ऋग्वेद से (b) यजुर्वेद से
(c) सामवेद से (d) अथर्ववेद से

114. शक संवत् प्रारंभ होता है
(a) 78 ई. से (b) 58 ई.पू. से
(c) 120 ई. से (d) 320 ई. से

115. निम्नलिखित में से किस स्रोत में उल्लिखित है कि प्राचीन भारत में दासता नहीं थी?
(a) अर्थशास्त्र
(b) मुद्राराक्षस
(c) मेगस्थनीज की इण्डिका
(d) वायुपुराण

116. कौन सा हड़प्पीय (Harappan) नगर तीन भागों में विभक्त है?
(a) लोथल (b) कालीबंगा
(c) धौलावीरा (d) सुरकोटड़ा

117. शाहनामा का लेखक, फरिस्ता किसके दरबार से सम्बन्धित था?
(a) सुबुक्तगीन (b) महमूद गज़नवी
(c) मोहम्मद गोरी (d) अलप्तगीन

118. चोल शासकों के शासनकाल में निम्नलिखित में से कौन सा वारियम उद्यान प्रशासन का कार्य देखता था?
(a) पान वारियम् (b) एरि वारियम्
(c) टोट्ट वारियम् (d) सम्वत्सर वारियम्

119. हड्डी से निर्मित आभूषण भारत में मध्य पाषाण काल के संदर्भ में प्राप्त हुए हैं
(a) सराय नाहर राय से (b) महदहा से
(c) लेखहिया से (d) चोपनी माण्डो से

120. औरंगजेब की मृत्यु के समय मराठा नेतृत्व किसके हाथों में था?
(a) शम्भुजी के (b) राजाराम के
(c) जीजाबाई के (d) ताराबाई के